G

(21218) Roll No.

B.A.LL.B.-V Sem.

# NP-3444

## B. A. LL. B. Examination, Dec. 2018

### Hindu Law (Codified Law)

### (BL-504)

*Time : Three Hours]* *[Maximum Marks : 100*

*Note :* Attempt questions from all Sections as per instructions.
सभी खण्डों से निर्देशानुसार प्रश्न हल कीजिए।

### Section-A

### खण्ड–अ

### (Very Short Answer Questions)

### (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

Answer all the *five* questions. Each question carries 4 marks. Very short answer is required not exceeding 75 words. 4×5=20

सभी पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 4 अंकों का है। अधिकतम 75 शब्दों में अति लघु उत्तर अपेक्षित है।



1. If two Hindus die in circumstances where it is difficult to decide who died earlier and who died later, then which provision of law under Hindu Succession Act, 1956 will be applicable to decide succession?
यदि दो हिन्दू व्यक्तियों का निधन ऐसी परिस्थितियों में हो जहाँ ये जानना कठिन हो कि किसका निधन पहले और किसका बाद में हुआ, तो हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत उत्तराधिकार निर्धारण का क्या प्रावधान है ?

2. What is the effect of 'custom' on Hindu marriage after the passing of Hindu Marriage Act, 1955 ?
हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के पारित होने के पश्चात् रूढ़ि अथवा प्रथा का हिन्दू विवाह के ऊपर क्या प्रभाव है ?

3. Can a wife demand separate residence from her husband ? If so, state the conditions in which she can under Hindu Adoption and Maintenance Act, 1956.
क्या एक पत्नी अपने पति से पृथक् निवास की माँग कर सकती है? यदि हाँ, तो उन परिस्थितियों का वर्णन कीजिए जिनमें उसे ये अधिकार हिन्दू दत्तक एवं भरण-पोषण अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत प्राप्त हो सकेगा।

4. If valid consent has not been obtained by any of the parties to a Hindu marriage will that marriage be void or voidable under the provisions of Hindu Marriage Act, 1955?
यदि एक हिन्दू विवाह के पक्षकारों में से किसी की वैध सहमति नहीं ली गई, तो क्या वह विवाह हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के प्रावधानों के अन्तर्गत शून्य या शून्यकरणीय होगा ?

5. What do you understand by the term 'De facto guardian' ? Can he alienate or deal with a minor's property under the provisions of Minority and Guardianship Act, 1956?
'तथ्यत: संरक्षक' शब्दों से आप क्या समझते हैं ? क्या वह एक अप्राप्तवय की, जो उसके संरक्षण में हो, सम्पत्ति का अन्यसंक्रमण अथवा निस्तारण कर सकता है ? हिन्दू अप्राप्तवय एवं संरक्षिता अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के संदर्भ में उत्तर दीजिए।

## Section-B

## खण्ड-ब

### (Short Answer Questions)

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

Answer any *two* questions out of the following four questions. Each question carries 10 marks. Short answer is required not exceeding 200 words. 10×2=20





निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंकों का है। अधिकतम 200 शब्दों में लघु उत्तर अपेक्षित है।

6. Define the term 'Desertion' as a ground of divorce and its essential elements in the light of Supreme Court's case Bipin Chandra vs. Prabhavati A.I.R. 1956 S.C.
सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित वाद विपिन चन्द्र बनाम प्रभावती ए.आई.आर. 1956 एस.सी. के आलोक में 'परित्यजन' शब्द की परिभाषा कीजिए एवं उसके आवश्यक तत्व बताइए।

7. Is it possible for a Hindu to write a will regarding his separate and joint property both ? What is the law provision in Hindu Succession Act in this matter?
क्या एक हिन्दू को अपनी निजी एवं संयुक्त सम्पत्ति के भाग के विषय में वसीयत लिखने का अधिकार प्राप्त है ? इस विषय में हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 में क्या प्रावधान है ?

8. Discuss the essentials of a valid adoption as laid down in Hindu Adoptions and Maintenance Act, 1956.
एक वैध दत्तक की अनिवार्यताओं का उल्लेख हिन्दू दत्तक एवं भरण-पोषण अधिनियम, 1956 के आधार पर कीजिए।

9. Define the terms 'minor' and 'guardian' with reference to the provisions of Hindu Minority and Guardianship Act, 1956.

हिन्दू अप्राप्तवय एवं संरक्षता अधिनियम के संदर्भ में 'अप्राप्तवय' एवं 'संरक्षक' शब्दों की परिभाषा कीजिए।

## Section-C

## खण्ड-स

### (Detailed Answer Questions)

### (विस्तृत उत्तरीय प्रश्न)

Answer any *three* questions out of the following five questions. Each question carries 20 marks. Answer is required in detail. 20×3=60

निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंकों का है। विस्तृत उत्तर अपेक्षित है। http://www.ccsustudy.com

10. What do you understand by 'prohibited degrees of relationship'? Who are included within it and for what purpose? What is the effect of custom in this regard? Explain with examples.

'वर्जित सम्बन्धों की श्रेणी' से आप क्या समझते हैं? इस श्रेणी में कौन-कौन शामिल हैं और किस उद्देश्य हेतु? इस विषय पर रूढ़ि या प्रथा का क्या प्रभाव है? उदाहरण सहित समझाइए।





11. What is the meaning of 'Notional Partition'? When is it needed and how it is reached? Answer with reference to Hindu Succession Act, 1956.

'काल्पनिक विभाजन' का क्या अर्थ है? उसकी आवश्यकता कब होती है और उसके करने का क्या तरीका है? हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 के संदर्भ में उत्तर दीजिए।

12. Define and distinguish between 'void' and 'voidable' marriages and the effects of both giving suitable examples of both.

'शून्य' एवं 'शून्यकरणीय' विवाहों की परिभाषा देकर उनके मध्य अन्तर स्पष्ट करते हुए उनके प्रभाव का उल्लेख उचित उदाहरणों सहित कीजिए।

13. What are the consequences of Hindu converting to another religion or becoming a hermit on his right to act as guardian of a minor, under Hindu Adoptions and Maintenance Act, 1956?

एक हिन्दू के धर्म-परिवर्तन करने पर अथवा संन्यास ग्रहण करने पर उसके द्वारा अप्राप्तवय के संरक्षक बनने के अधिकार पर प्रभाव का हिन्दू अप्राप्तवय एवं संरक्षिता अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत क्या प्रभाव पड़ता है?

14. Discuss in detail the provisions of Hindu Marriage Act, 1955 to decide the legitimacy of children born out of a 'void' or 'voidable' marriage.

हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत 'शून्य' एवं 'शून्यकरणीय' विवाहों से उत्पन्न संतानों की वैधता निर्धारण करने के लिए दिए गए प्रावधानों का सविस्तार वर्णन कीजिए।